हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 21 जुलाई 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की लिमिट से परेशानी



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## सूरजपुर जिला मुख्यालय का आदिवासी छात्रावास डेढ़ महीने से जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- परिसर एवं कमरों में भरा बारिश का गंदा पानी
- सड़न एवं दुर्गंध के बीच बच्चे जी रहे नारकीय जीवन

जिला मुख्यालय सूरजपुर स्थित प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के बच्चे पिछले डेढ़ महीने से नरकीय जीवन जीने मजबूर है। वर्षा के पानी से न केवल छात्रावास परिसर बल्कि सारे कमरे जलमग्न हो गए हैं। छात्रावास की रसोई एवं संडास में भी पानी भर गया है। खास बात है कि बीच शहर में घनी आबादी के बीच संचालित छात्रावास के बच्चों के पीड़ा की सूचना न तो आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त को मिल पाई है न कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों को।

चार दशक पूर्व जब सूरजपुर सरगुजा जिला का प्रमुख तहसील मुख्यालय था तब शासन द्वारा दूरस्थ क्षेत्र के आदिवासी बच्चों को बिना कठिनाई शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से निःशुल्क आवासीय व्यवस्था की गई थी। सूरजपुर के इस सबसे पुराने छात्रावास में 100 बच्चों के रहने की व्यवस्था है। वर्तमान में छात्रावास में 97 बच्चे निवासरत हैं तथा 34 बच्चों ने इसी साल दाखिला लिया है। छात्रावास परिसर एवं कमरों में बरसात का पानी भरने की समस्या पहली बार नहीं हुई है। हर साल बारिश के दौरान कमरों में पानी भर जाता है। छात्रावास अधीक्षक का कहना है कि वह इस बड़ी समस्या से कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं लेकिन किसी ने भी इस समस्या के निराकरण की पहली नहीं की। हालत यह जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण पिछले डेढ़ महीने से परिसर में घुटने भर पानी भरा है। लम्बे समय से परिसर एवं छात्रावास के कमरों में पानी भरने के कारण गंदगी एवं दुर्गंध से बच्चों का बुरा हाल है। बच्चे सुबह होते ही नित्य क्रिया के लिए पानी के बीच निकलते हैं। स्कूल का समय तो ठीक से गुजरता है लेकिन छुट्टी होते ही बच्चे फिर से पानी के बीच लगे अपने बिस्तर पर लौट आते हैं पानी के बीच ही आफत की रात गुजारते हैं। छात्रावास में बच्चों को सारा काम बरसाती पानी के बीच ही करना पड़ता है। छात्रावास भवन भी जर्जर हो गया है। कमरे की सभी दीवारें सीलन से भरी है।



छात्रावास के कमरे में भरे पानी के बीच निवासरत बच्चे।

### बीमार हो रहे बच्चे

दिन-रात बरसाती पानी के बीच चलने एवं रात गुजारने के कारण बच्चों के पैर के अंगुलियों के बीच का हिस्सा सफेद हो गया है तथा सड़न शुरू हो गई है। भारी तकलीफ के बावजूद किसी ने उफ तक नहीं की है सारी पीड़ा को चुपचाप सह रहे हैं। कुछ बच्चों के पैर की उंगलियों के बीच से दुर्गंध निकल रहा है तो किसी को खुजली हो रही है। छात्रावास दुर्व्यवस्था से आसपास के लोग भी परेशान हैं। नगरपालिका परिषद् के जनप्रतिनिधि तक भी बच्चों के वर्षों की इस समस्या की जानकारी नहीं पहुंच सकी है।

### भीषण दुर्घटना का इंतजार

चार दशक पुराना शहर के नेहरू पार्क रोड स्थित छात्रावास भवन जर्जर हो गया है। दीवारों में जगह-जगह दरारें आ गई है। छात्रावास भवन एवं परिसर में लगातार चार महीनों तक पानी भरे रहने के कारण इसके कभी भी ढहने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। खास बात है कि छात्रावास अधीक्षक द्वारा स्थिति से अवगत कराने के बावजूद अभी तक छात्रावास का निरीक्षण करने कोई अधिकारी नहीं पहुंचा है। लोगों का कहना है कि विभाग के अधिकारी भीषण दुर्घटना होने का इंतजार कर रहे हैं।

### होती है परेशानी

छात्रावास भवन दशकों पुराना हैं तथा जर्जर हो चुका है। बरसात में छात्रावास परिसर एवं कमरों में पानी भरने के कारण भारी परेशानी होती है। इस संबंध में अनेको बार अधिकारियों को अवगत करा चुका हूं लेकिन किसी ने भी इस पर संज्ञान नहीं लिया है।

-विजय कुमार टोप्पो
छात्रावास अधीक्षक

#### बाढ़ से हुआ नुकसान, अब तक किसी ने नहीं ली ग्रामीणों की सुध

## बारिश में बह गई पुलिया तो ग्रामीणों ने खुद ही तैयार कर लिया बांस का पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- शहर से लगे खैरबार का मामला

यह कोई दूरस्थ और पहुंचविहीन गांव नहीं बल्कि शहर से लगे सबसे बड़े पंचायत खैरबार की तस्वीर है। इस तस्वीर को देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले में प्र शा स नि क अमला और विभागीय अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर किस कदर गंभीर है। 1 पखवाड़े पहले मूसलाधार बारिश और बाढ़ के कारण यह पाइप पुलिया बह गई। पुलिया बहने के बाद क्षेत्र के लोगों का आवगमन ठप हो गया है। हैरानी की बात तो यह है कि जब इस नुकसान के बाद भी ग्रामीणों की सुध लेने के लिए कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा तो ग्रामीणों ने खुद ही बांस के अस्थायी पुल पर चलकर खतरे के बीच आवागमन करना पड़ रहा है।

दरअसल 5-6 जुलाई को सरगुजा में हुई मूसलाधार बारिश के कारण क्षेत्र के नदी नाले उफान पर आ गए थे। शहर से लेकर गांव तक सब कुछ पानी पानी हो गया था। इस दौरान जगह जगह से पुल पुलियों के टूटने, सड़कों के बह जाने की जानकारियां आई। इसी बारिश में 6 जुलाई को शहर से लगे खैरबार ग्राम पंचायत के मछिंदरपारा में बहने वाली बांक नदी भी उफान पर थी और बाढ़ के कारण मछिंदरपारा में लोगों के आवागमन के लिए बनाई गई पाइप पुलिया पानी का तेज बहाव नहीं झेल पाई और सड़क व पुलिया बह गई। बाढ़ के पानी के कारण सड़क व पुलिया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसके बाद क्षेत्र के लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया था। बाढ़ आपदा के बाद उम्मीद की जा रही थी कि जिले के जिम्मेदार अधिकारी इन प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान की जानकारी लेंगे लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि दो सप्ताह बीत जाने बाद भी क्षतिग्रस्त पुलिया के निर्माण की दिशा में कोई पहल नहीं की गई। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया टूटने के बाद इसके मरम्मत के लिए कोई पहल नहीं हुई इस लिए हमारी ओर से कामचलाऊ व्यवस्था की गई गई है।



ग्रामीणों द्वारा निर्मित वैकल्पिक पुल।

### गबढ़ गई है परेशानी और दूरी

इस पुलिया के टूटने से क्षेत्र के ग्रामीणों, स्कूली बच्चों की परेशानी दो गुनी हो गई है। इसी मार्ग से होकर लुंड्रा के बांसा, रामनगर, मलगांव, करदोनी, कोरिमा, उदारी गांझाडांड़ तक के लोग आवागमन करते हैं। अपनी कृषि उपज लेकर अंबिकापुर मंडी तक उनका आना भी इसी मार्ग से होता है किंतु पुलिया टूट जाने के कारण अब इस क्षेत्र के लोग बांकी जलाशय से करौंदा झरिया, अमेराडुगु, मछिन्दर पारा, गाड़ाघाट होते हुए शहर के बौरीपारा से बाजार पहुंच रहे हैं। इस मार्ग से आवागमन करने में उन्हें पांच किलोमीटर अधिक सफर तय करना पड़ रहा है।

### ग्रामीणों ने बनाया बांस का पुल

बारिश में पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से खैरबार के मछिंदरपारा, बौनापारा, करौदाझरिया, बासा, राता, कोरिमा, उदारी के लोगों का आवागमन बंद हो गया है। चूंकि वर्तमान में खेती किसानी का समय है और ग्रामीणों को प्रतिदिन खेती बाड़ी और मेहनत मजदूरी करने जाना रहता है। ऐसे में ग्रामीणों ने खुद से ही इस पुलिया का निर्माण किया है। ग्रामीणों द्वारा बांस बल्ली को जोड़कर एक पुलिया का निर्माण किया है। बांस जोडकर क्षतिग्रस्त हिस्से को ग्रामीण पार कर रहे है। बड़ी बात यह है कि बांस की पुलिया काफी कमजोर है और लोगों ने इसे पैदल चलने के लिए ही बनाया है। हालांकि कुछ ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर बाइक भी इस अस्थायी पुलिया पर पार कर रहे है। ऐसे में जान का खतरा हरपल मंडराते रहता है।



## बीमार बच्चे को लेकर पहुंचे अस्पताल चिकित्सक ने धक्के देकर निकाल बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

- सीएचसी में उपस्थित नहीं था चिकित्सक, फोन करने पर किया उपचार करने से इनकार, थाने में की गई घटना की शिकायत

जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं सुधरने का नाम नहीं ले रहीं है। आलम यह है कि अब चिकित्सक मरीज और उसके परिजन को धक्के मारकर अस्पताल से बाहर निकाल रहे है। एसा ही एक मामला विकासखंड में सामने आया है जहां सीएचसी में देर शाम तेज बुखार के साथ आए बच्चे का उपचार करने से चिकित्सक ने मना कर दिया। इतना ही नहीं जब परिजन ने हंगामा किया तो चिकित्सक और उसके साथियों ने मिलकर परिजन समेत बच्चे को धक्का देकर बाहर कर दिया गया। अब इस मामले की शिकायत ग्रामीण ने पुलिस से करते हुए मामले में कार्रवाई की मांग की है।

बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम जजगी निवासी आशीष दास अपने 6 वर्षीय पुत्र अविनाश कुमार को तेज बुखार की शिकायत पर जांच कराने के लिए 19 जुलाई की शाम 7 बजे सीएचसी उदयपुर आया हुआ था। युवक का कहना है कि अस्पताल में पदस्थ नर्सिंग स्टाफ ने जब उसने चिकित्सक के बारे में जानकारी ली तो स्टाफ ने बताया कि डॉ. आसाराम जयंत की ड्यूटी है लेकिन फिलहाल वे घर में है। ऐसे में परिजन चिकित्सक का इंतजार करते रहे लेकिन जब चिकित्सक ड्यूटी पर नहीं आया तो परिजन ने सीधे चिकित्सक को ही फोन लगा लिया और उनके अस्पताल आने का समय पूछ लिया। आरोप है कि इसी बात से चिकित्सक भड़क उठे और उन्होंने फोन पर ही उन्हें धमकी दे दी कि मै तुम्हारा नौकर नहीं हूं कि जब चाहों अस्पताल आओ। तुम्हारा उपचार नहीं होगा कहकर फोन काट दिया गया। 2 घंटे तक अस्पताल में इतंजार करने के बाद चिकित्सक की फटकार से मरीज के परिजन का आक्रोश भड़क उठा और उन्होंने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ने पर डॉ. जयंत एक अन्य युवक के साथ अस्पताल आए और युवक के साथ ही उसके परिजन दुर्गा दास, पूनम बाई व कौशल्या दास समेत अन्य को धक्का देकर बाहर निकाल दिया और बोला गया कि तुम लोग रात के समय उपचार करने आते हो। इसके साथ ही उनके साथ गाली गलौज की गई। इस दौरान आशीष दास अपने 6 वर्षीय बच्चे के साथ गिर पड़े। चिकित्सक की इस लापरवाही और दुर्व्यवहार से परिजन ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। जिसकी जानकारी मिलने के बाद भाजपा-कांग्रेस समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। समझाइश के बाद चिकित्सक ने एक इंजेक्शन लगाकर बच्चे को भेज दिया। ऐसे में बच्चे को जिला अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया है जबकि की शिकायत पुलिस से की गई है। इस घटना व चिकित्सक की लापरवाही से लोगों में आक्रोश है।

### की जाएगी जांच

मामले की जानकारी मिली है। रात को चिकित्सक ऑन काल ड्यूटी पर होते है। शाम को चिकित्सक अस्पताल में नहीं थे। यदि उन्होंने धक्का दिया है तो सीसीटीवी में कैद हुआ होगा। इस मामले की जांच कर लापरवाही करने वाले चिकित्सक पर कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. पीएस मार्को
सीएमएचओ

## 11 सालों से गोधनपुर की जमीन पर स्टे, अब वार्डवासी हुए एकजुट

- बैठक के बाद कलेक्टर से मिलने का लिया गया निर्णय

**अंबिकापुर।** गोधनपुर में जमीन की खरीद-बिक्री सहित सभी कार्यों पर लगाए गए स्टे को लेकर अब क्षेत्र के लोग एकजुट हो गए है। 11 वर्षों बाद भी न्याय की आस लगाए वार्डवासियों ने रविवार को गोधनपुर, फुन्दुरडिहारी क्षेत्र के लोगों ने अब कलेक्टर से मिलकर पुनः इस मसले पर विचार करने के लिए ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। दरअसल वर्ष 2014 में तत्कालीन कलेक्टर द्वारा गोधनपुर, फुन्दुरडिहारी क्षेत्र की जमीनों की खरीद बिक्री, निर्माण, नामान्तरण सहित सभी कार्यों पर रोक लगा दी थी। इस रोक के बाद इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गई है। ना ही वे अपनी जमीन की बिक्री कर पा रहे है और ना ही उस जमीन पर कोई निर्माण हो पा रहा है। लोग अपने बच्चों की पढाई, शादी-विवाह सहित अन्य कार्यों के लिए भी इस जमीन का उपयोग नहीं कर पा रहे है। इसी समस्या को लेकर रविवार को वार्डवासियों द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। वार्ड पार्षद शिवमंगल सिंह के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान वार्ड वासियों का कहना था कि वे जमीन पर कई पीढ़ियों से रह रहे है और यह उनकी रजिस्ट्री वाली जमीन है। किसी ने भी जमीन को गलत तरीके से अर्जित नहीं किया था। वार्ड वासियों ने इस समस्या ने निदान हेतु कलेक्टर से मुलाकत करने का निर्णय लिया है। इस दौरान अनिल सिंह, हेमंत सिन्हा, डॉ. लालचंद यादव, राधे यादव, अजय जायसवाल, विवेक पाण्डेय, अभिषेक सिंह, विवेक पाण्डेय, सुरेश शर्मा, शिवेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।



#### उप अभियंता बनने के लिए 1513 ने दी परीक्षा

## नकल रोकने पहली बार कमरे में भी लगाए गए जैमर, रखा कड़ा पहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा उप अभियंता सिविल, विद्युत व यांत्रिकी की भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित इस परीक्षा में कुल 1513 अभ्यर्थी शामिल हुए। बड़ी बात यह है कि पिछले दिनों परीक्षा के दौरान बिलासपुर में सामने आए खुलेआम नकल कराने के मामले के बाद पहली बार सभी कक्षाओं में ही जैमर लगा दिए गए थे ताकि अभ्यर्थियों को नकल मारने का कोई भी मौका नहीं मिल सके। इसके साथ ही उनके अनेकों प्रकार जांच प्रक्रियाओं से होकर गुजरना पड़ा।

बता दें कि 20 जुलाई को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा उप अभियंता सिविल, विद्युत, यांत्रिकी की परीक्षा 5 परीक्षा केन्द्रों में प्रातः 10 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित हुई। शहर के राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज, राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय, पॉलिटेक्निक कॉलेज, मल्टीपरपज उमावि व कन्या उमावि में आयोजित इस परीक्षा में शामिल होने के लिए संभाग भर से अभ्यर्थी पहुंचे हुए थे। इस दौरान अभ्यर्थियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था से गुजरना पड़ा। अभ्यर्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। इसके साथ ही उन्हें सिर्फ आधी बांह वाले कपड़े, चप्पल पहनकर आने की अनुमति दी गई। युवतियों की बाली, कंगन सहित अन्य सामानों को निकलवा दिया गया था। बड़ी बात यह है कि बिलासपुर में जिस तरह उपकरणों का उपयोग कर नकल करने के मामले सामने आए थे उसे देखते हुए इस बार व्यापम ने सभी कमरों में जैमर लगवा दिया था ताकि कोई भी इलेक्ट्रोनिक उपकरण कक्ष में काम ही ना करें। कड़ी सुरक्षा वयवस्था के बीच आयोजित की गई इस परीक्षा के लिए कुल 1985 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 1513 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा की प्रक्रिया में व्यापमं गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करने सभी आवश्यक तैयारियां की गई थीं। परीक्षा में पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित करने, परीक्षा की निगरानी के लिए गठित उड़नदस्ता दल द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।



## एक सप्ताह से लापता ग्रामीण का कुएं में मिला शव

**सीतापुर।** ग्राम उलकिया स्थित एक कुएं में ग्रामीण का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। ग्रामीण एक सप्ताह से लापता था और अब उसका सड़ा गला शव मिला है। बड़ी बात यह है कि ग्रामीण की लुंगी में पत्थर बंधा हुआ था। ऐसे में ग्रामीणों ने उसके हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम किया गया है और पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि ग्राम उलकिया सिकटापारा निवासी 60 वर्षीय निरंजन किंडो आ. स्व. छन्दू किंडो विगत 12 जुलाई से अपने घर से गायब था। इस दौरान परिजन ने अपने रिश्तेदारों के अलावा उसे आसपास के गांव में उसकी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। ऐसे में 17 जुलाई को परिजन ने मामले की सूचना पुलिस को भी दी थी जिसके बाद पुलिस द्वारा गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया था। इस दौरान ग्राम बनेया निवासी पूर्व सरपंच जेम्स टोप्पो को अपने कुएं में एक शव नजर आया जिसपर उसने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला। इस दौरान मृतक की पहचान निरंजन किंडो के रूप में की गई। पुलिस ने पंचनामा व पीएम उपरान्त शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बड़ी बात यह है कि मृतक के शरीर में पत्थर बंधा हुआ था ऐसे में परिजन व ग्रामीणों ने उसकी हत्या किए जाने की संभावना जताई है।

इस संबंध में उनि रघुनाथ भगत ने बताया कि ग्रामीण की मानसिक हालत ठीक नहीं थी। वह कई बार घर मे बिना बताए गायब हो जाता था। घटना से पूर्व भी वह बिना बताए गायब हो गया था। ग्रामीण का शव बरामद किया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### भारी वाहनों के आवागमन पर रहेगा प्रतिबंध

**अंबिकापुर।** सावन के दूसरे सोमवार को श्रद्धालु कांवड़ यात्रा पर निकलेंगे। इस दौरान श्रद्धालु बांक नदी से जल उठाकर कैलाशगुफा जाते है। कांवड़ यात्रा को लेकर जोर शोर से तैयारियां की गई है जबकि पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गये है। कांवड़ यात्रा के दौरान शंकरघाट मंदिर से लेकर लुचकी घाट, चेंद्रा, रघुनाथपुर, बतौली, एवं आगामी रूट मे आमनागरिकों की भारी भीड़ एवं यातायात के दबाव को देखते हुए एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा भारी वाहनों के आगमन एवं निकासी पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया गया है। कांवड़ यात्रा के दौरान शंकरघाट रामानुजगंज रोड में भारी वाहनों के प्रवेश एवं निकासी के लिए दिनांक 20 जुलाई की रात 10 बजे से 21 जुलाई की सुबह 12 बजे तक पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया है। वहीं रामानुनगंज रोड में ककना मोड़ से रामानुजगंज चौक, बंगाली चौक से लेकर खरसिया नाका, भारत माता चौक तक भी इस अवधि मे भारी वाहनों के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबन्ध जारी रहेगा। अम्बिकापुर बतौली मार्ग में भी इस दौरान पूर्ण प्रतिबन्ध रहेगा, खरसिया रोड में भारी वाहनों के आवागमन एवं निकासी इस दौरान बंद रहेगी। बिलासपुर, बनारस, सूरजपुर, बलरामपुर जाने वाली भारी वाहनों कों दिनांक 21 जुलाई 12 बजे के बाद व रोड़ के भारी वाहनों कों दिनांक 22 जुलाई दोपहर 12 बजे के बाद छोड़ा जाएगा।

### कार की चाबी नहीं देने पर बड़े भाई ने किया जानलेवा हमला

**अम्बिकापुर।** छोटे भाई द्वारा कार की चाबी नहीं देने से नाराज हुए बड़े भाई ने टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बिल्हमा निवासी सुहैल खान आ. नयामत खान (27 वर्ष) गत दिन सुबह उठा तो उसी समय बड़ा भाई अरबाज खान आया और कार की चाबी मांगने लगा। जिस पर सुहैल ने कार की चाबी देने से मना किया जिससे अरबाज ने टांगी लेकर मारने के लिए दौरान और हमला कर दिया। घटना में युवक घायल हो गया। सुहैल की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

### रात में घर लौट रहा ग्रामीण सासू नदी में डूबा, मिला शव

**अम्बिकापुर।** पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम परती में नदी में डूबने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शनिवार को सीतापुर निवासी लोयो नगेसिया पिता मुंशी नगेसिया साप्ताहिक बाजार गया था तथा रात्रि 7-8 बजे के मध्य ग्राम परती स्थित सासु नदी को पार कर घर लौट रहा था। इस दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई। सुबह ग्रामीणों ने नदी किनारे झाड़ियों के बीच उसका शव देखा तो पुलिस को सूचना दी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपस्थित ग्रामीणों से पूछताछ की तो उसकी पहचान हुई।

### मोहनपुर रेड नदी पुलिया के नीचे मिली महिला की लाश

**लखनपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहनपुर रेड नदी पुलिया के नीचे 20 जुलाई की सुबह 10 बजे सड़ी गली अवस्था में महिला की लाश मिली है। अज्ञात महिला का शरीर संभवतः पानी में बहकर आया था और झाड़ियों में फंस गया। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह ग्रामीणों ने ग्राम मोहनपुर रेंड नदी में एक महिला की लाश देखी थी और इसकी सूचना पुलिस को दी। उक्त महिला की उम्र 35 से 40 साल के बीच बताई जा रही है और उसके दोनों पैरों में बाया घुटना के ऊपर गोदना का निशान है। महिला ने हरि चूड़ी भी पहन रखी थी। फ़लिहाल पुलिस द्वारा मृतिका की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है।

## खबर संक्षेप


### स्कूल में ग्रीन डे का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** लिटिल मिलेनियम व अलास्का पब्लिक स्कूल में ग्रीन डे का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को हरे रंग के गुब्बारों, पेड़-पौधों और हरित सजावट से सुंदर ढंग से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण प्रकृति की सुंदरता से भर उठा। नन्हें-मुन्नें बच्चों ने पेड़, पौधे, फूल, हरी सब्जियां और फलों की वेशभूषा पहनकर रैंप वॉक करके अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। बच्चों ने हरियाली को बढ़ावा देने के लिए सुंदर पोस्टर, ड्राइंग और स्लोगन भी तैयार किए।

### मृतक को भेजा गया पेशी का नोटिस

**मनेन्द्रगढ़।** राजस्व न्यायालय की एक गंभीर लापरवाही ने प्रशासनिक तंत्र की संवेदनहीनता और कामकाज की असंगतता को फिर से सामने ला दिया है। भरतपुर तहसील के जनकपुर गांव निवासी प्रेमलाल बैगा, जिनकी मृत्यु 5 फरवरी 2023 को हो चुकी है, उन्हें अब 23 जुलाई 2025 की पेशी के लिए राजस्व न्यायालय से नोटिस भेजा गया है। प्रेमलाल बैगा एक गरीब आदिवासी किसान थे। उनके परिजन के पास जनकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र भी है, जो उनके देहांत की आधिकारिक पुष्टि करता है, इसके बावजूद तहसील न्यायालय की कार्रवाई में उन्हें प्रत्युत्तर प्रस्तुत न करने वाला प्रतिवादी बताया गया है। यहां तक कि राजस्व विभाग की वेबसाइट पर अपलोड आदेश में स्पष्ट लिखा गया है कि पेशी में प्रतिवादी उपस्थित नहीं हुए। परिजन का कहना है कि वे संबंधित अधिकारियों को मृत्यु प्रमाण पत्र बार-बार दिखा चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। न्याय के नाम पर जो नोटिस भेजा गया है, उसने पूरे परिवार को मानसिक रूप से झकझोर कर रख दिया है। प्रेमलाल बैगा के बेटे ने कहा कि हम कई बार अधिकारियों को पिता की मृत्यु की जानकारी दे चुके हैं, प्रमाण पत्र दिखाया है।





**झुमका लबालब, वेस्ट वियर शुरू... दुधिया पानी बिखेर रही अपनी सुंदरता....**

**बैकुण्ठपुर।** भारी बारिश के बाद जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के निकट का मध्यम श्रेणी की बांध परियोजना झुमका बांध लबालब हो गया, इससे कि अतिरिक्त जल की निकासी वेस्ट वियर की ओर से निकलना शुरू हो गया है, जिसका आकर्षक नजारा देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटने लगी है। वेस्ट वियर से निकल रही अविरल जलधारा इस तरह से नीचे की ओर बह रही है, जिसे दूर से देखने पर दूधधारा जैसी दिखाई पड़ती है। इस आकर्षक नजारा को देखने के लिए रविवार को काफी संख्या में लोग पहुंचे रहे हैं।

### वंदन योजना की राशि नहीं निकाल पा रहीं महिला हितग्राही

# इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की लिमिट से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के जिला डाकघर बैकुंठपुर में संचालित इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में इन दिनों वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। योजना के तहत हजारों महिलाओं ने बैंक में खाता खुलवाया है, लेकिन रोजाना की निकासी सीमा केवल 1 लाख रूपए होने के कारण हितग्राही अपना रूपए निकाल नहीं पा रही हैं। स्थिति यह है कि सुबह बैंक खुलने के एक घंटे के भीतर ही 1 लाख रूपए की नकदी समाप्त हो जाती है और इसके बाद पहुंचने वाली महिलाओं को खाली हाथ लौटना पड़ता है, इससे नाराज महिलाओं में भारी आक्रोश है। वहीं बैंक में राशि न मिलने से मजबूर होकर हितग्राही लोक सेवा केन्द्रों की ओर रूख कर रही हैं, जहां 1000 निकालने पर 20 से 30 रूपए तक की कटौती की जा रही है, इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं पर और बोझ बढ़ रहा है।



रूपए निकालने लगी महिलाओं की भीड़।

**ग्रामीण इलाकों की महिलाएं परेशान:** कई महिलाएं दूर-दराज के गांवों से बैकुंठपुर पहुंचती हैं, लेकिन समय पर भुगतान न मिलने से उन्हें वापस लौटना पड़ता है। कई बार लाइन में घंटों इंतजार के बाद भी हाथ निराशा ही लगती है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने डाक विभाग से इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की दैनिक निकासी सीमा बढ़ाने की मांग की है, ताकि वंदन योजना सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभार्थियों को समय पर राशि मिल सके और उन्हें निजी एजेंसियों के चक्कर में अतिरिक्त राशि न देनी पड़े।

#### कुछ समय में ही खत्म हो जाती है रकम

डाकघर बैकुंठपुर द्वारा संचालित इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में महिलाओं के लिए लाभकारी वंदन योजना के तहत हजारों हितग्राही महिलाएं अपना खाता खुलवाकर इसका लाभ ले रही हैं, लेकिन बैंक की दैनिक निकासी सीमा मात्र 1 लाख रूपए होने के कारण लाभार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि कुछ समय में ही 1 लाख की रकम खत्म हो जाती है। इससे निराश महिलाएं अब पोस्ट ऑफिस के व्यवहार से असंतुष्ट दिखाई दे रही हैं।

#### एक-दो दिन में स्थिति होगी सामान्य

जिला डाकघर बैकुंठपुर से प्रतिदिन 5-6 लाख रूपए का निकासी होता है। वर्तमान में अधीक्षक के छुट्टी पर जाने के कारण एक लाख लिमिट की समस्या आई थी। एक-दो दिन में स्थिति सामान्य हो जाएगी।

-प्रमोद कुमार
बीएम इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक बैकुण्ठपुर

## सावन का दूसरा सोमवार आज




**बैकुण्ठपुर।** सावन के दूसरे सोमवार को जिलेभर के शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ फिर से जुटेगी। इस दिन सुबह से ही शहर सहित जिलेभर के विभिन्न स्थानों पर स्थित शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने एवं पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही जुटना शुरू हो जाएगा। वैसे तो सावन का पूरा माह शिव आराधना के लिए समर्पित है ,लेकिन सावन माह के सोमवार का विशेष महत्व रहता है। यही कारण है कि इस दिन कई लोग उपवास रखकर विधि-विधान के साथ भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा-अर्चना आवश्यक पूजन सामग्रियों के साथ करते हैं, इसके अलावा कई लोग अपनी मनोकामना को लेकर दिनभर उपवास भी रखते हैं और शिवजी की पूजा-अर्चना करते हैं। 20 जुलाई को सावन के दूसरे सोमवार को जहां जिलेभर के शिवालयों में भक्तिभाव के साथ भोलेबाबा का पूजा -अर्चना की जाएगी, वहीं कुछ शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना की भी व्यवस्था के साथ भोग भंडारा का कार्यक्रम भी आयोजित की गई है।

#### आज निकलेगी विशाल कावड़ यात्रा

प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी छिन्दडॉड के सागर बांध स्थित काली मंदिर से विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी आज सावन के दूसरे सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद बैकुंठपुर के तत्वाधान में सुबह 7 बजे से छिन्दडॉड के सागर बांध स्थित, काली मंदिर से गेज बांध, महेश्वर महादेव मंदिर तक विशाल कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन समिति ने कांवड़ यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं को शामिल होने की अपील की है।

## शासकीय हाईस्कूल की छत से टपक रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

क्षेत्र स्थित शासकीय हाईस्कूल और मिडिल स्कूल बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राओं को शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा के लिए भी जद्दोजहद करनी पड़ती है।

जानकारी के अनुसार स्कूल की छतें जर्जर हो चुकी हैं और बरसात के मौसम में जगह-जगह से पानी टपकता है, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं शिक्षकों और बच्चों के लिए शौचालय व बाथरूम की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। गौरतलब है कि यह विद्यालय एसईसीएल द्वारा वर्ष 1985-86 में बनाया गया था, लेकिन आज तक उसमें किसी प्रकार की मरम्मत या सुधार कार्य नहीं किया गया है। स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि दो साल पहले छत पर काली चादर बिछाई गई थी, परंतु असामाजिक तत्वों ने उसे भी चुरा लिया। मजबूरी में स्कूल प्रबंधन ने पन्नी लगाकर बच्चों को पढ़ाना शुरू किया है।

## सड़क में जगह-जगह गड्ढे, लोग परेशान

**अनूपपुर।** बस स्टैंड से जकीरा चौक तक जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर हो गई है, सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, इसके कारण आमजन को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। कई बार नागरिकों ने नगर पालिका में शिकायत भी की, लेकिन नगर पालिका के द्वारा कहा जाता है कि सड़क की जांच चल रही है, जांच पूरी होने के बाद ही हम कुछ कर पाएंगे, जबकि इस सड़क का निर्माण पूर्व परिषद के कार्यकाल में वर्ष 2019 में करवाया गया था, लेकिन ठेकेदार की मनमानी के कारण यह सड़क बनते ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई।

पूर्व परिषद के द्वारा वर्ष 2019 में नगर पालिका निधि से लगभग 27 लाख की लागत से बस स्टैंड से जकीरा चौक तक ठेकेदार के माध्यम से सीसी सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया था और यह सड़क बनते ही उखड़ने लगी थी, इस पर नागरिकों ने आपत्ति जताई तो ठेकेदार ने रातों-रात सीसी सड़क के ऊपर डामरीकारण करते हुए सड़क का निर्माण कार्य कर दिया, लेकिन वह सड़क भी ज्यादा दिन नहीं चली और बनते ही सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए सड़क उखड़ने लगी। बारिश होने के कारण बस स्टैंड से जकीरा चौक तक जाने वाली सड़क में जगह-जगह गड्ढे होने के कारण बारिश का पानी भर जाता है, इसके कारण लोगों को आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दो पहिया वाहन चालकों को सड़क में गड्ढे पानी भरे होने के कारण नजर ही नहीं आते हैं, इसके कारण चालकों को दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। आए दिन पैदल चलने वाले राहगीरों सड़क पर गड्ढे होने के कारण गिर कर चोटिल हो रहे हैं। पूर्व परिषद के द्वारा सड़क की गुणवत्ता को लेकर ठेकेदार का भुगतान भी रोक दिया गया था, वर्तमान में भी सड़क निर्माण की जांच होने के कारण नगर पालिका के द्वारा यह कहा जा रहा है कि ठेकेदार को अभी भुगतान नहीं किया गया है, लेकिन अंदर की बात क्या है यह नागरिकों के बीच चर्चा बनी हुई है।



सड़क में गड्ढे

#### निर्माण की जांच हो रही

सड़क निर्माण की जांच चल रही है, अभी तक रिपोर्ट नहीं मिली है जिसके कारण हम कुछ नहीं कर पा रहे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ हो पाएगा।

-प्रदीप झारिया
सीएमओ नपा कोतमा

## यात्री प्रतीक्षालय में महीनों से लगा ताला



बंद यात्री प्रतीक्षालय।

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत मुख्य मार्ग किनारे स्थित ग्राम जमगहना में पूर्व में बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय में महीनों से ताला बंद पड़ा है और यात्री प्रतीक्षालय को गोदाम के रूप में उपयोग किया जा रहा है, जिस उद्देश्य को लेकर यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण किया गया था, वह आज दूसरे उद्देश्य के लिए उपयोग किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा व अनदेखी के कारण जमगहना में मुख्य मार्ग किनारे बनाया गया यात्री प्रतीक्षालय में यात्रियों के रूकने के लिए नहीं बल्कि सामनों के रखने के लिए गोदाम के रूप में उपयोग किया जा रहा है, वहीं पूर्व के बने यात्री प्रतीक्षालय के सामने इन दिनों भारी मात्रा में गाजर घास उगे हुए हैं, सफाई की ओर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण इस तरह की स्थिति निर्मित हुई है। ग्राम पंचायत के जिम्मेदार को चाहिए कि पूर्व के निर्मित यात्री प्रतीक्षालय को खाली कराया जाए एवं परिसर की साफ-सफाई कर मूल उद्देश्य की पूर्ति के लिए यात्री के लिए उपयोगी बनाया जाए।

## खेत में ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत

**अनूपपुर।** राजेन्द्रग्राम थानांतर्गत ग्राम लांघाटोला में खेत में कार्य करते वक्त ट्रैक्टर पलट गया, इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर एक बजे लांघाटोला निवासी एक व्यक्ति ट्रैक्टर लेकर खेत में गया हुआ था, कार्य करते समय ट्रैक्टर अचानक पलट गया। ट्रैक्टर के पलटने से व्यक्ति ट्रैक्टर के नीचे दब गया और उसकी मौत हो गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई।

## अमिषा ने आईआईटी खड़गपुर से ली डिग्री

**मनेन्द्रगढ़।** शहर की होनहार बेटी अमिषा नेताम ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सपने छोटे शहरों में भी जन्म लेते हैं और अगर हौसले बुलंद हो तो कोई मंजिल दूर नहीं। अमिषा ने देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान आईआईटी खड़गपुर से मास्टर्स इन माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स एंड वीएलएसआई (2025) की डिग्री प्राप्त कर अपने नगर, परिवार और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। अमिषा दवा व्यवसायी मनोज नेताम और सुनीता नेताम की सुपुत्री हैं। एक सामान्य परिवार से आने के बावजूद उन्होंने असाधारण उपलब्धि हासिल कर यह संदेश दिया कि मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रयास से किसी भी पृष्ठभूमि से आने वाली बेटियां भी ऊंचाइयां छू सकती हैं। अमिषा की सफलता सिर्फ उनके लिए नहीं, बल्कि यह छग की हर बेटी के लिए एक मिसाल है।

**न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेण अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

प्रो. नं.1050/2025
व्यव.वा.प्र.क्र.-97 अ/2025
आगामी पेशी तिथि-23.08.2025

देवशरण राजवाड़े ------------------- /वादी
प्रति
आम जनता वगैरह-----------/प्रतिवादीगण

**नोटिस/ईश्तहार**

बनामः-
आम जनता

आपको नोटिस/ईश्तेहार के माध्यम सूचित किया जाता है इस न्यायालय में वादी/आवेदक द्वारा आपके के विरूद्ध व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक-97 अ/2025, देवशरण प्रसार राजवाड़े प्रति आम जनता वगैरह न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के समक्ष आवेदकगण देवशरण वगैरह निवासी ग्राम बखरीपारा भकुरा परसा, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. का निवासी है जो वर्ष 2013 में वर्तमान का प्रयागराज (इलाहाबाद) में कुम्भ का आयोजन हुआ था, जिसमें वादीगण के पिता स्व. आगर साय आ. बुधु राम ग्राम नर्मदापारा सकालो थाना-गांधीनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के स्थाई निवासी थे तथा वन विभाग में कार्यरत होकर सेवा-निवृत हो चुके थे जो अपने अन्य ग्रामीण किशुन राम चमर साय काशीराम बालेश्वर के साथ दिनांक 09.02.2013 को वर्तमान का प्रयागराज इलाहाबाद गये थे किन्तु वादीगण के पिता अपने साथियों के साथ कुम्भ 2013 में नहाने के दौरान कहीं गुम हो गये जिससे वादीगण के पिता आगर साय आ. बुधु के गुम हुए दिनांक 16.02.2025 को 12 वर्ष से अधिक हो जाने के कारण वादीगण के द्वारा ग्राम में सरपंच पचं एवं अन्य वरिष्ठ जन की उपस्थिति में अपने पिता स्व. आगर साय का दिनांक 25.02.2025 को दशगात्र एवं दिनांक 26.02. 2025 को चंदनपान एवं ब्रम्हभोज करके अपने पिता का श्रद्धांजलि अर्पित कर दिया गया है। वादीगण के द्वारा अपने पिता स्व. आगर साय आ. बुधु के विभिन्न कार्यों हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है, आम नागरिक को सूचित किया जाता है कि सुनवाई तिथि दिनांक 23.08.2025 को वादीगण के द्वारा अपने पिता स्व. आगर साय आ. बुधु के विभिन्न कार्यों हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग हेतु नियत है।

अतः इस ईश्तेहार के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वादीगण के द्वारा अपने पिता स्व. आगर साय आ. बुधु के विभिन्न कार्यों हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार किसी व्यक्ति या नागरिक को हो तो वह पेशी तिथि 23/08/2025 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। पेशी दिनांक के पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति अमान्य होगी और वादीगण को मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया जायेगा, यदि किसी कारण वश उस तिथि को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 05/07/2025 को जारी किया गया।

(अरिन्दम नेरल)
न्यायालय- द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)































## खबर संक्षेप

### सहायक प्राध्यापक तिवारी को मिली पीएचडी की उपाधि

अम्बिकापुर। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विधि संकाय के सहायक प्राध्यापक माघवेंद्र तिवारी को संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय द्वारा



पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने सामाजिक-आर्थिक न्याय एवं न्यायिक सक्रियता एक विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर डॉ.तरूण कुमार राय के निर्देशन में अपना शोध पूर्ण किया। श्री तिवारी ने डॉक्टर हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर से इतिहास विषय में एमए, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विधि अध्ययन शाला से एलएलबी एवं एलएलएम, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर से विधि विषय में एमफिल की उपाधि अर्जित की है।

### चर्च ऑफ गॉड संस्था ने कराया 101 यूनिट रक्तदान




अंबिकापुर। सामाजिक संस्था चर्च ऑफ गॉड द्वारा सरगुजा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में संस्था के 101 यूनिट रक्तदान किया। बता दें कि सामाजिक संस्था चर्च ऑफ गॉड वर्ल्ड मिशन सोसाइटी द्वारा जगह जगह सामूहिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। सीसी कड़ी में 20 जुलाई को राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शहर की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, छग युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर शामिल हुए। कार्यक्रम में संस्था के 250 लोगों ने समूह ने अपने अभियान के तहत कार्यक्रम में हिस्सा लिया और शिविर में 101 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में शामिल अतिथियों ने संस्था के प्रयासों की सराहना की और लोगों को अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर रक्तदान के लिए प्रेरित किया ताकि लोग जरुरत के समय लोगों की मदद कर उनकी जान बचाई जा सके। बड़ी बात यह है कि मेडिकल कॉलेज में इस वर्ष का यह पहला बड़ा रक्तदान कैम्प था जिसमें इतनी बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान को लेकर अस्पताल प्रबन्धन ने भी संस्था के प्रयासों की सराहना की गई।

### शिवरात्रि पर नागेश्वर मंदिर में होगा जलाभिषेक

**अम्बिकापुर**। शहर के पंचशील गली सत्तीपारा स्थित नागेश्वर मंदिर में सावन शिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालु शंकरघाट से जल लेकर भगवान नागेश्वर का



जलाभिषेक करेंगे। शेफाली ट्रेडर्स के संचालक मनोज अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 1990 में स्व.रामप्रताप अग्रवाल ने मंदिर का नींव रखा था जिसकी स्थापना वर्ष 2004 में पूरी हुई। सिंहाल परिवार के सदस्यों ने अपने प्रयासों से मंदिर का निर्माण कराया। बताया जाता है कि पूर्व में यहां नाग-नागिन का जोड़ा रहता था जिसे किसी ने मार दिया। मंदिर में हर सोमवार को भजन-कीर्तन एवं सावन शिवरात्रि के दिन श्रद्धालु कांवर लेकर जलाभिषेक करने पहुंचते है।

### एकता स्टेडियम में विद्यालयीन स्तरीय फुटबॉल एक अगस्त से

**बिश्रामपुर**। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय एकता स्टेडियम में जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में विद्यालयीन स्तरीय प्रोत्साहन कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना निर्धारित हुआ है।इस वर्ष इसकी शुरुआत एक अगस्त से होगी जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों की टीम शिरकत करेंगी।जिला फुटबॉल संघ के सुरेशन स्वाई, बुन्नू ने बताया कि उक्त आयोजन का यह बारहवां वर्ष है।आयोजन की तैयारियों को लेकर आज रविवार को एकता स्टेडियम में संघ के सदस्यों सक्रिय पदाधिकारियों की अगुवाई में बैठक की गई और आयोजन को लेकर विचार विमर्श हूआ,बैठक में बिश्रामपुर के वरिष्ठ खिलाड़ियों के अलावा ब्राइट स्टार फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी मौजूद रहे।

## निधन



### सूर्यकांति देवी

**बिश्रामपुर**। ग्राम तेलईकछार केनापारा निवासी रामचरण गुप्ता की धर्मपत्नी सूर्यकांति देवी का 82 वर्ष की उम्र में शनिवार को निधन हो गया।आज रविवार को उनका अंतिम संस्कार तेलईकछार स्थित मुक्तिधाम में किया गया।मुखाग्नि उनके पति रामचरण गुप्ता ने दी।सूर्यकांति देवी विनोद इलेक्ट्रॉनिक जयनगर के संचालक विनोद गुप्ता,मनोज गुप्ता,अनुज गुप्ता की माता और प्रियांशु,दिव्यांशु,अनमोल गुप्ता की दादी थीं।



### प्रेमशंकर शर्मा

**बिश्रामपुर**। ग्राम कुरवां निवासी प्रेमशंकर शर्मा आ. स्व. तहसील राम शर्मा का 82 वर्ष का 19 जुलाई को निधन हो गया। बताया गया कि 21 वर्ष की उम्र से उन्होंने अपने गांव का घर छोड़कर जमुना कॉलरी में नौकरी करने लगे थे। उनका अंतिम संस्कार बनारस के हरिश्चंद्र घाट में किया गया। स्व. शर्मा ग्राम कुरवां निवासी हर्ष नारायण शर्मा, श्याम नारायण शर्मा व मार्तंड शर्मा के चाचा थे, वे निः संतान थे।

## समितियों की वित्तीय स्थिति चरमराई

# शासकीय विभागों ने सहकारी समितियों को नहीं किया वर्मी कम्पोस्ट के 3.52 करोड़ बकाया का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- को-ऑपरेटिव बैंक से ऋण लेकर समूहों को किया था भुगतान, बढ़ रहा ब्याज

दो वर्ष पूर्व शासकीय विभाग को करोड़ों रूपए का वर्मी कम्पोस्ट आपूर्ति करने वाली सहकारी समितयां बकाया भुगतान नहीं मिलने के कारण वित्तीय संकट से जूझ रही हैं। समितियों ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से उधार लेकर महिलाा समूहों को वर्मी कम्पोस्ट खाद की कीमत का भुगतान किया था। समितियां बैंक की उधार राशि का भुगतान नहीं कर पाई हैं जिससे बैंक अब उधार की रकम पर 14 फीसदी की दर से ब्याज जोड़ रहा है। बकाया राशि का भुगतान जल्द नहीं हुआ तो सहकारी समितियों की वित्तीय हालत चरमरा जाएगी तथा उनका अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा।

छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, बाड़ी योजना की शुरूआत की थी। योजना के तहत गांव-गांव में गोठान बनाकर पालतू पशुओं के लिए आश्रय स्थल विकसित करने के साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समूहों के माध्यम से विभिन्न व्यवसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थी। योजना के तहत गांव-गांव में गोबर खरीद कर समूहों द्वारा वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण करने के साथ ही अन्य कई व्यवसाय संचालित किए जा रहे थे। घर-घर पशुपालन होने एवं पशुपालकों द्वारा आवश्यकता के अनुरूप कम्पोस्ट तैयार कर अपने खेतों में उपयोग करने के कारण इस योजना से किसान नहीं जुड़ पाए। शासन के निर्देश पर सहकारी समितियों के माध्यम से समूहों द्वारा तैयार वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट का कारोबार सहकारी समितियों के माध्यम से प्रारंभ किया गया। प्रशासनिक दबाव में समितियों से रासायनिक उर्वरक लेने वाले किसानों के लिए भी वर्मी कम्पोस्ट खरीदना आवश्यक कर दिया गया। वर्मी कम्पोस्ट लेने पर यूरिया उपलब्ध होने के दावा के कारण किसानों के लिए वर्मी कम्पोस्ट खरीदना मजबूरी बन गई जिसका किसान व्यापक स्तर पर विरोध करने लगे। कांग्रेस सरकार के प्रभावशाली जनप्रतिनिधियों ने भी इसका विरोध किया तथा जरूरत होने पर ही मांग के अनुसार किसानों को वर्मी कम्पोस्ट प्रदान करने अधिकारियों को निर्देशित किया। किसानों द्वारा वर्मी कम्पोस्ट खरीदी पूरी तरह बंद कर देने के कारण यह योजना पूरी तरह शासकीय विभागों तक सिमट कर रह गई। इधर महिला स्व-सहायता समूह लगातार वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण करते रहे तथा कृषि विभाग के अधिकारी सहकारी समितियों में बिना मांग आपूर्ति करते रहे। निर्माण एवं आपूर्ति के बीच किसी ने भी सहकारी समितियों के कारोबार एवं भविष्य की चिंता नहीं की। महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा आपूर्ति किए गए वर्मी कम्पोस्ट का भुगतान मांगने पर प्रशासन ने समितियों पर इतना अधिक दबाव बढ़ा दिया कि समितियों को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से उधार लेकर वर्मी कम्पोस्ट का भुगतान स्व-सहायता समूहों को करना पड़ा। वर्मी कम्पोस्ट से समिति का गोदाम भर जाने एवं मांग नहीं होने की बात पर प्रशासन के दबाव में वन विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, रेशम विभाग एवं ग्राम पंचायतों ने करोड़ों रूपए का वर्मी कम्पोस्ट खरीद लिया। शासकीय विभागों ने करोड़ों के वर्मी कम्पोस्ट का क्या किया यह किसी ने जानने की कोशिश नहीं की। प्रशासनिक दबाव में करोड़ों का कम्पोस्ट खरीदने वाले विभाग भी समितियों को बकाया राशि का भुगतान करना भूल गए। दो साल का समय गुजरने के बावजूद समितियों को कम्पोस्ट का भुगतान नहीं मिल पाया है जिससे समितियों की वित्तीय स्थिति चरमरा गई है।




**ये विभाग बकायादार**

सहकारी समितियों ने विभिन्न शासकीय विभागों के साथ 4 करोड़ 52 लाख 75 हजार का करोबार किया था जिसका भुगतान आज तक नहीं मिल सका है। एकीकृत सरगुजा अंतर्गत सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़ जिला अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा 1 करोड 43 लाख, उद्यान विभाग द्वारा 74 लाख 62 हजार, रेशन विभाग ने 88 लाख, वन विभाग ने 1 करोड़ 6 लाख का वर्मी कम्पोस्ट क्रय किया था। ग्राम पंचायतों एवं अन्य शासकीय विभागों ने भी वर्मी कम्पोस्टकी खरीदी की थी। इस दौरान सरगुजा के शासकीय विभागों में 37.48 लाख, बलरामपुर में 1 कोड़ 6 लाख, सूरजपुर में 63.63 लाख, कोरिया में 50.71 लाख एवं एमसीबी के शासकीय विभागों में 9404 लाख का वर्मी कम्पोस्ट खरीदा था।

**दो श्रेणी का बनता था वर्मी कम्पोस्ट**

योजना अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा दो श्रेणी का वर्मी कम्पोस्ट तैयार किया जा रहा था। सामान्य वर्मी कम्पोस्ट 8 रूपए किलो एवं सुपर कम्पोस्ट 10 रूपए की दर से विक्रय किया जा रहा था। सहकारी समितियों का संचालन खाद-बीज के विक्रय से प्राप्त कमीशन राशि से होता है तथा कमीशन राशि ही समितियों की पूरी आय है। वर्मी कम्पोस्ट काका समय पर भुगतान नहीं मिलने के कारण कमीशन तो दूर समितियां ऋण राशि का भुगतान तक नहीं कर पाई हैं। इधर ऋण राशि की वापसी नहीं होने के कारण जिला सहकारी बैंक खाते में 14 प्रतिशत की दर से ब्याज जोड़ रहा है जो भविष्य में समितियों के अस्तित्व के लिए बड़ा संकट साबित हो सकता है।

**ऋण राशि का नहीं मिला भुगतान**

उर्वरक खरीदने के लिए सहकारी समितियां जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से ऋण लेती हैं तथा उर्वरकों का विक्रय कर ऋण राशि का भुगतान करती हैं। समितियों द्वारा वर्मी कम्पोस्ट की राशि का भुगतान नहीं किया है तथा बैंक नियमानुसार उनके खाते में ब्याज जोड़ रहा है। समिति प्रबंधक शासकीय विभाग द्वारा वर्मी कम्पोस्ट की बकाया राशि का भुगतान अब तक नहीं मिलने की बात कह रहे हैं।

-पीसी गुप्ता
विपणन अधिकारी, को-ऑपरेटिव बैंक

# राजस्व अभिलेखों में कूटरचना कर दर्ज कराया अपना नाम, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- भू-माफिया अब भी फरार, राजस्व अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के दायरे में

जमीन का खसरा नम्बर और रकबा बदलकर गलत तरीके से जमीन पर कब्जा करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि इस पूरे फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड फरार चल रहा है। इतना ही नहीं इस पूरे जमीन फर्जीवाड़े के खेल में राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों, पटवारी की भूमिका भी संदेह के दायरे में है और अब पुलिस ने इनकी भी जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम आरा के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से शिकायत की थी कि इकबाल नामक व्यक्ति द्वारा राजस्व अभिलेखों में फेरबदल कर बड़े पैमाने पर जमीन का फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। इस मामले में 29 अगस्त 2024 को कलेक्टर द्वारा जांच टीम का गठन किया गया था। इस जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि ग्राम आरा में अभिलेख वर्ष 1954-55 के खाता क्रमांक 117, खाता क्रमांक-131, खाता क्रमांक-158, खाता क्रमांक-35, खाता क्रमांक-164, खाता क्रमांक-112, खाता क्रमांक-118, खाता क्रमांक-37 पृथक-पृथक नाम पर की गई है। ऐसे में इस मामले की शिकायत पर पुलिस ने लुंड्रा कुंदीकला निवासी 62 वर्षीय कमरुद्दीन अंसारी आ. मोहिउदीन अंसारी व व बारियों आरा निवासी 45 वर्षीय मुमताज जुलाहा आ. सुलेमान सहित 9 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस ने जब कमरुद्दीन अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने पुलिस को बताया कि उसे 1978-79 में सिंहदेव योजना के तहत पट्टा मिला था जिसका खसरा नम्बर 899/2/1 रकबा 1.092 हेक्टेयर था। इस जमीन पर बिफईया व उसके परिवार के लोगों ने कब्जा कर लिया। इस दौरान आरोपी ने पटवारी सीताराम के साथ मिलकर अपने भाइयों महबूब आलम, अलीमुद्दीन, शमीमुद्दीन का नाम उक्त जमीन में चढ़वाया गया लेकिन अब उक्त जमीन का खसरा नम्बर 899/20 व रकबा 1.092 हे. भूमि है। वहीं मुमताज अंसारी द्वारा भी खसरा नम्बर 931/25 के रकबा 0.405 हेक्टेयर भूमि 2005 में तिरलोचन आ. जगधारी से लिया था। उस दौरान पटवारी रामप्रवेश यादव द्वारा सभी दस्तावेज तैयार किए गये और बाद में उसने उक्त भूमि को खसरा नं. 931/42 रकबा नं. 0.405 हेक्टेयर को ग्राम आरा निवासी इकबाल आ. इजराइल को बेच दिया। दोनों ही मामलों में इस बात की पुष्टि हुई कि आरोपियों ने राजस्व विभाग के लोगों के साथ मिलीभगत कर जमीन के राजस्व अभिलेखों में छेड़छाड़ किया गया और अवैध तरीके से अपना नाम कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से राजस्व अभिलेख में दर्ज कराया गया है।



### सनकी युवक ने बकरी का गला मरोड़कर उतारा मौत के घाट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर**। सनकी युवक ने बंधे एक बकरी का गला मरोड़कर मौत के घाट उतार दिया। बकरी मालिक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने युवक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार नवागढ़ गंगासागर तालाब समीप निवासी नसीम अंसारी आ. अख्तर अंसारी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह एक बकरी व दो बकरी का बच्चा पाला है जिसे पड़ोसी जावेद के मकान में बांधकर रखता है। हर रोज की भांति बीती रात भी बकरी व दोनों बच्चे को खाना खिलाकर जावेद के मकान में बांधा था। रात लगभग 11.20 बजे पत्नी फातमा आंगन से झांक कर देखी तो बकरी व दोनों बच्चे बंधे हुए थे। कुछ समय बाद पुनः आंगन से झांक कर देखी तो चिकू खान बकरी के गला को मरोड़कर भाग रहा था। जब फातमा सहित परिवार के लोग मौके पर जाकर देखे तो बकरी मृत हालत में पड़ी थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने युवक के विरूद्ध धारा 325 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# नाला में बही ढाई वर्ष की मासूम, अस्पताल लाते समय गई जान

**अम्बिकापुर**। खेलते खेलते घर से निकली ढाई वर्षीय बालिका घर से कुछ दूर नाला में गिर गई जिससे पानी के तेज बहाव में बह गई। इधर नाला के समीप खेत में काम रहे रहे लोगों ने मासूम को बाहर निकाल परिजन को घटना की सूचना दी। परिजन मासूम को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शहर से लगे ग्राम लब्जी निवासी शालिक राम यादव के ढाई वर्षीय पुत्री नेहा देवी यादव आज दोपहर घर में खेल रही थी। खेलने के दौरान ही बच्ची घर से बाहर निकल कर नाला के समीप पहुंच गई। बच्ची नाला के समीप खेल रही थी तभी अचानक नाला में गिर गई। इधर नाला के समीप खेत में काम कर रहे लोगों ने बच्ची को नाला में गिरते देख तत्काल मौके पर पहुंचे तो पता चला की बच्ची पानी के तेज बहाव में कुछ दूर तक बह गई थी। किसी तरह लोगों ने बच्ची को बाहर निकाल घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन बच्ची को लेकर तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# केंद्राध्यक्षों को दिया गया व्यापम निर्देशों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था एवं परीक्षार्थियों के लिए नए सिरे से दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। ये निर्देश आगामी 20 जुलाई को होने वाले सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा से लागू होंगे।

व्यापम द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में समन्वयक केंद्र राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में परीक्षा के नए नियमों की जानकारी देने केंद्राध्यक्षों का प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस बार व्यापम द्वारा सभी परीक्षा कक्ष में जैमर लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि परीक्षा में नकल की संभावना को रोका जा सके। सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा के लिए केंद्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि परीक्षाएं शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से हो सके। इस बार जैमर की व्यवस्था भी शामिल है, जो परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का उपयोग रोकने में मदद करेगा। सहायक समन्वयक एवं मास्टर ट्रेनर डॉ अनिल सिन्हा ने बताया कि परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पहले परीक्षार्थियों के हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर तथा मैनुअल पैट डाउन फ्रिसकिंग की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में एक पुरूष और एक महिला पुलिसकर्मी यह कार्य करेंगे। महिला परीक्षार्थियों की फ्रिसकिंग महिला पुलिसकर्मी से कराया जाएगा। एक-एक पुलिसकर्मी बारी-बारी से परीक्षा केन्द्र परिसर एवं परीक्षा केन्द्र के बाहर का निरीक्षण करते रहेंगे ताकि कोई संदिग्ध गतिविधि न हो सके। डॉ.राजकमल मिश्रा, डॉ.एसएन पांडेय ने बताया कि व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व केंद्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए है ताकि उनका फ्रिसकिंग और सत्यापन किया जा सके। परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट के पहले परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े एवं चप्पल पहनकर परीक्षा केंद्र में आना होगा। परीक्षार्थियों के कान और बालों का भलीभांति निरीक्षण करने को कहा। निर्देश के अनुसार परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने के पहले आधा घंटा व समाप्ति के आखिरी आधे घंटे में परीक्षा केन्द्र से बाहर न जाए। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना मना है। निर्देशों के पालन में किसी भी तरह की चूक न होने पाए। इस अवसर पर अंबिकापुर नगर के पांच परीक्षा केंद्रों राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय पॉलिटेक्निक, शासकीय मल्टीपर्पज हायर सेकेण्डरी स्कूल तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यामिक विद्यालय के केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक उपस्थित रहे। आज जिले के पांच केंद्रों में सिविल और विद्युत एवं मैकेनिक सब इंजीनियर की भर्ती परीक्षा होगी।

# विधायक के प्रयास से गांव सहित नगर में हो रहे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के प्रयासों से विधानसभा में जनहित में विकास कार्य किए जा रहे है। इस परिपेक्ष में प्रतापपुर ब्लॉक में सबसे अधिक अब तक करोड़ों के काम स्वीकृत हो चुके हैं। विधायक के प्रयासों से जनता की मांग पर कई विकास कार्य जिसकी जरूरत इस क्षेत्र को थी। शासन प्रशासन से स्वीकृति मिलने के बाद विभिन्न कार्य किए जा रहे है। जिसमें प्रमुख रूप से चन्दोरा से जजावल रोड कार्य प्रगति में है जिसकी लागत 9 करोड़ 30 लाख रूपए है। प्रतापपुर से मायापुर चन्दोरा रोड जो बन चुका है। जजावल वेदों नदी में एनीकट निर्माण 3 करोड़ का टेंडर प्रक्रिया में है। भेड़िया में जलाशय बांध निर्माण कार्य 3 करोड़, पौड़ी मोड बांध में से रिपेयरिंग कार्य 3 करोड़, ग्राम पंचायत खोरमा में एनीकट के बगल में रिटर्निंग वाल निर्माण 3 करोड़, नगर पंचायत प्रतापपुर में ऑडिटोरियम निर्माण कार्य 3 करोड़, रेस्ट हाउस का निर्माण कार्य 1 करोड़ 70 लाख रुपए स्वीकृत है। इसके अलावा नवीन नगर पंचायत कार्यालय का निर्माण 1 करोड़, नगर पंचायत के वार्ड 14 में सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 54 लाख प्रगति में है। ग्राम पंचायत खोरमा नर्सरी में मछली पालन हेतु तालाब निर्माण कार्य 50 लाख, न्यायालय भवन निर्माण 7 करोड़ टेंडर प्रक्रिया है जबकि इनडोर स्टेडियम निर्माण कार्य 1 करोड़ 70 लाख टेंडर हो गया है। साथ ही विधायक निधि से विभिन्न क्षेत्रों में 103 हैंडपंप खनन, 2 करोड़ से अधिक के प्रतापपुर क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के लिए निर्माण कार्य किए जा रहे।

# जोगी मुंडा नाला में पुलिया निर्माण हेतु 318 लाख रुपए स्वीकृत



**सूरजपुर**। जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 15 महुआपारा से होते हुए देवीपुर जाने वाले मार्ग पर जोगी मुंडा नाला में महत्वाकांक्षी पुलिया निर्माण हेतु कुल 318.61 लाख रुपए की राशि शासन द्वारा स्वीकृत की गई है। जिसमें पुलिया के साथ-साथ सड़क निर्माण भी किया जाना है।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष थलेश्वर साहू ने बताया कि उपरोक्त पुलिया निर्माण की मांग उनके साथ वार्ड वासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। पिछले नगर पालिका चुनाव के समय भी वार्ड वासियों द्वारा पुलिया निर्माण के मांग को प्रमुखता से रखा गया था। वार्डवासियों की मांग एवं आवश्यकता को देखते हुए विधायक भूलन सिंह मरावी एवं अन्य नेताओं के अथक प्रयास से स्वीकृत मिली। पुलिया निर्माण होने से शहर वासियों को भी इसका लाभ मिलेगा। इतनी बड़ी राशि की पुलिया निर्माण क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी एवं वरिष्ठ नेताओं के अथक प्रयासों से ही संभव हो पाया है। पुलिया के साथ-साथ सड़क निर्माण भी किया जाना है। पुलिया निर्माण की शासन से अधिकारी स्वीकृति प्राप्त होने पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष थलेश्वर साहू सहित महुआपारा के लोगों में हर्ष है।

## हेल्थ प्लस

### डॉ तनय ने तीन चरणों के उपचार में बचाया युवक का पैर

**अम्बिकापुर**। हड्डी संक्रमण से जूझ रहे युवक के पैर को डॉ.तनय गोयल और उनकी टीम ने 8 महीने के इलाज से बचाया। इलाज उपरांत युवक बिना सहारे चल रहा है। युवक के जांघ की हड्डी में चोट लगने के बाद स्थानीय अस्पताल में ईलाज होने के बावजूद घाव में गंभीर संक्रमण फैल गया। हालत बिगड़ने पर उसे रायपुर रेफर किया गया, जहां चार विशेषज्ञ ऑर्थोपेडिक सर्जनों ने सर्जरी से इनकार कर पैर काटने की सलाह दी। युवक लौटकर डॉ. तनय गोयल के पास पहुंचा। डॉ.तनय ने इसके चुनौती की तरह लिया और संकल्प अस्पताल में इलाज की शुरूआत की। पूरे उपचार को तीन चरणों में पूरी किया गया। पहले चरण में संक्रमित हड्डी को निकालकर उसकी जगह इलिजारोव रिंग फिक्सेटर लगाया गया। दूसरे चरण में बोन ट्रांसपोर्ट तकनीक से हड्डी को धीरे-धीरे खींचकर बढ़ाया गया। अंतिम चरण में मरीज के दूसरी पैर से फिबुला का ग्राफ्ट लेकर प्लेट की मदद से उसे जोड़ा गया, जिससे हड्डी को मजबूती और स्थायित्व मिला। करीब 8 महीने चले लंबे इलाज के बाद अब युवक पूरी तरह से स्वस्थ है और बिना किसी सहारे के चलने लगा है। डॉ.तनय गोयल ने कहा कि एक चिकित्सक होने के नाते हमारे लिए शरीर का हर अंग अनमोल है, जब तक बचाने की थोड़ी भी उम्मीद होती है, हम पूरा प्रयास करते हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर




राजस्थान टूर
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
14 अगस्त, 11 सितंबर, 9 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411